**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस के युवा नेता प्रागेंद्र बागरी ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**सतना।** रैगांव के कांग्रेस पार्टी के युवा नेता प्रागेंद्र बागरी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। रैगांव से कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रागेन्द्र बागरी ने इस्तीफा देने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं की है।वे जिला पंचायत के सदस्य एवं डिग्री कॉलेज छात्र संघ के निर्वाचित अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## प्रिज्म जॉनसन ने किया राजमिस्त्रियों एवं ठेकेदारों के सपने साकार



भारत की अग्रिम सीमेंट कंपनी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा कटनी जिले के सत्कार होटल में 70 से अधिक राजमिस्त्री बंधुओं को कंपनी द्वारा उपहार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। एवं ठेकेदार शेख रफीक को सीबीजी एक्सट्रीम बाइक उपहार श्रेणी में प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिसमें जोनल टेक्निकल मैनेजर विकास सिसोदिया,ब्रांच मैनेजर उमेश गुप्ता,ब्रांच टेक्निकल मैनेजर रत्नेश मालाकर,कटनी सेल्स प्रमोटर जितेंद्र राय,समस्त प्रिज्म टीम एवं प्रिज्म डीलर बंधु सम्मिलित हुए। बैठक में जोनल टेक्निकल मैनेजर विकास सिसोदिया सीमेन्ट की गुणवत्ता और भवन निर्माण जानकारी दी। ब्रांच टेक्निकल मैनेजर रत्नेश मालाकर ने सपने प्रोग्राम ऐप के बारे में सभी को अवगत कराया और सभी राजमिस्त्री को अधिक से अधिक प्रीमियम चैंपियन ऑल वैदर एवं प्रिज्म डूरा टेक इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में रत्नेश मालाकर ने मीटिंग में उपस्थित राजमिस्त्री बंधुओं को प्रिज्म जॉनसन की तरफ से दी जाने वाली तकनीकी सेवाओं के बारे में अवगत कराया एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।आयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के जनसंपर्क एवं सीएसआर एजीएम देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## आज शाम 6 बजे से होगा प्रचार-प्रसार बंद

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 का चुनावी शोर गुल मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से थम जायेगा। इस अवधि के बाद चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार या राजनैतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए न तो जुलूस एवं आम सभायें आयोजित कर सकेंगे और न ही लाउड स्पीकर का उपयोग कर सकेंगे। इन 48 घंटों के दौरान उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे। चुनावी प्रचार-प्रसार में वाहनों एवं लाउड स्पीकर के उपयोग करने के लिये जारी अनुमतियां स्वमेव निरस्त हो जायेंगी।



# हमें स्थिर सरकार चाहिए यह ताकत जनता के पास हैः नड्डा

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि आज हमें स्थिर सरकार चाहिए यह ताकत जनता के पास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में चाल चरित्र धारा और संस्कृति बदली है।श्री नड्डा मंगलवार को यहां बीटीआई ग्राउंड में भारतीय जनतापार्टी के उम्मीदवार गणेश सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। लगभग 50 मिनट विलंब से सतना पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपना भाषण हनुमान जयंती के अवसर पर ओम हनुमते नमः बोलकर प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली भेजने का संकल्प नहीं है मोदी के विजय संकल्प के साथ विकसित भारत बनाने का भी संकल्प है।आज दस साल का बदलता भारत है।आज दुनिया में भारत एक अलग नजरिया से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं देती है जबकि मोदी अपना रिपोर्ट कार्ड देते हैं उन्होंने आयुष्मान भारत योजना,उज्ज्वला योजना सहित और योजनाओं की चर्चा की और सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने धारा 370 और राम मंदिर की भी बात की। इसके अलावा उन्होंने सिविल कोड की भी बात की। उन्होंने बताया कि आज भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर है। 2027 भारत तीसरे नंबर की अर्थ व्यवस्था बनेगा।जेपी नड्डा ने कहा कि सतना में155 करोड़ के काम चल रहे हैं।पहला मेडिकल कालेज सतना को मिला है।रेलवे स्टेशन 272 करोड़ का बन रहा है।वर्ल्ड क्लास का बनेगा।नर्मदा का पानी सतना में आएगा।फसल लहलहाएगी।गांव तक सड़क बनाई है। इंडिया घमडिंया गठबंधन परिवार की पार्टी हैं।राहुल सोनिया प्रियंका परिवार की पार्टी।अरविंद केजरीवाल चोर चोर मौसेरे भाई हैं।

### मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनावः बीडी शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कहा कि आज देश में चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाने का है।मोदी ने गरीब का जीवन बदलने का काम किया है।भ्रष्टाचार मुक्त भारत देने का काम मोदी ने किया है। 29 सीट मोदी की झोली में डालना है। हर बूथ पर कमल खिलाना है।

### सभी देवस्थान विकसित करेंगे मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट सहित सभी देवस्थानों को विकसित किया जाएगा। उन्होंने सतना में मेडिकल कॉलेज खोलने को लेकर कहा कि यह सौगात जेपी नड्डा द्वारा दी गई है। मुख्यमंत्री ने गौरव सागर बांध की चर्चा की और कहा कि बरगी का पानी आएगा तो यहां पर फसल अच्छी होगी।

### कांग्रेस को सतना में विकास नहीं दिखताः गणेश

भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार गणेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार को सतना में विकास नजर नहीं आता है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज,स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन सहित समेत अन्य कामों को गिनाया।

## नाप तौल विभाग की निष्क्रियता से लुट रहा उपभोक्ता

**खाद् विभाग के नजर अंदाज से खाद्य सामग्रियों में हो रही मिलावट**

**मैहर।** मैहर के बाजार में जहां इन दिनों शादी का मौसम इस कदर है कि ग्राहकों की लूटने की प्रवृत्ति व्यापारियों की आम धारणा हो चुकी है। जहां एक ओर चुनावी समर के चलते बाहर से सामानों की आवक न होने के कारण व्यापारियों के द्वारा जो स्टाक चुनाव के पूर्व कर लिया गया था उसे वह मनमानी दामों पर बेचने का गुरूर मानते हैं। लेकिन इस मामले में जिले का नाप तौल विभाग कुभकरर्णी नींद में क्यों सोया हुआ है यह सवाल आम उपभोक्ताओं के जेहन पर जन चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि विभाग के निरीक्षक कहां डियूटी बजाते है यह समझ से परे है। एक ओर चुनावी बहाना तो दूसरी ओर शादी व्याह को लेकर इस विभाग के प्रमुख चांदी काट रहे हैं। सोचनीय विषय है कि इतना महत्वपूर्ण विभाग नाप तौल के मामले में व्यापारियों को खुला संरक्षण क्यों दे रखा है और तराजू बांट पर लगने वाली सील की कभी कभार भी जांच करना मुनासिब नहीं समझते है। व्यापारी कम तौल कर आम उपभोक्ताओं के जेबों पर किस कदर लूटने पर आमदा है जहां सामानों की पूरी कीमत अदा करने के बाद भी उसे पूरी मात्रा में सामान नहीं मिल पा रहा है यह केवल बड़ें व्यापारी प्रतिष्ठानों का खेल नही बल्कि फुटकर एवं लघु व्यापारी भी पत्थरों के बांट बनाकर सामग्री को तौलकर देना बेखौफ जारी है। बांट से तौलने वाले तराजू भी सेट रहते है जिसमें 1 किलो का सामान 900 ग्राम ही निकलता है। इसी तरह खाद्य सामग्री में मिलावट के कई उपभोक्ताओं के द्वारा शिकायतें भी की गई परन्तु विभााग के उच्चाधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह उपभोक्ताओं में चर्चाओं का विषय बना हुआ है। इस समय बाजार में गर्म मसाले,खाद्य तेल एवं मिठाइयां आदि में मिलावट की शिकायतें ज्यादा देखी जा रही है जिससे लोग विभिन्न बिमारियों का शिकार भी बन रहे हैं। खाद्य विभाग एवं नाप तौल विभाग के द्वारा कभी भी दुकानों में चेकिंग नहीं की जाती है यहां पर बताया जाता है कि इन विभाग वालों की सेटिंग होती है इसीलिए कभी मिलावटी एवं कम तौल की जांच नहीं की जाती है।

## अनाज परिवहन में हेराफेरी करने पर 25 हजार का जुर्माना




**सतना।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान से वितरण के लिए ले जाए जा रहे खाद्यान्न को रास्ते में ही खुर्दबुर्द करना अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ता को महंगा पड़ा है। कलेक्टर ने गरीबों के हक के अनाज में हेराफेरी करने पर परिवहनकर्ता पर 25 हजार रुपए पेनाल्टी लगाई है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने शासकीय खाद्यान्न के परिवहन में अनियमितता बरतने वाले परिवहनकर्ता अरुणेंद्र सिंह पटेल पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया है। नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को इस राशि की वसूली-कटौती कर रकम राजस्व प्राप्ति शीर्ष में जमा कराकर इसकी जानकारी कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) को देने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल,अन्नदूत योजना में अनुबंधित जिले के परिवहनकर्ता अरुणेंद्र सिंह पटेल ने अनुबंधित सेक्टर क्रमांक 18 में राशन उठाव नहीं करते हुये शासकीय खाद्यान्न को बीच रास्ते में खुर्दबुर्द कर दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। मामला संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने डीएसओ को जांच के निर्देश दिए थे। परिवहनकर्ता अरुणेंद्र सिंह पटेल को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। उससे 3 दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के लिये कहा गया था। परिवहनकर्ता की तरफ से कारण बताओ नोटिस के जवाब में प्रस्तुत किये गये तथ्य कलेक्टर कार्यालय को समाधानकारक प्रतीत नहीं हुए। लिहाजा कलेक्टर ने यह कार्रवाई की।

**अनुबंध समाप्त करने की चेतावनी**

कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि परिवहनकर्ता का यह कृत्य मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कंडिका 13(2) के विरुद्ध पाया गया है। जो मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कंडिका 16 एवं आवश्यक अधिनियम 3/7 के तहत दंडनीय भी है। नतीजतन परिवहनकर्ता पर 25 हजार का अर्थदंड अधिरोपित करते हुए पुनः खाद्यान्न उठाव एवं परिवहन में गड़बड़ी पाई जाने पर अनुबंध समाप्त कर अभियोजन की कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई हनुमान जयंती



सतना/मैहर। जिलेभर में मंगलवार को हनुमान जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर जगह-जगह पूजा अर्चना की गई और भंडारे का आयोजन किया गया। मां शारदा की पावन पवित्र धार्मिक नगरी में हनुमान जयंती का पर्व विभिन्न मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।श्रीराम जानकी मंदिर बड़ा अखाडा में पूज्य संत श्री श्री 108 श्रीसीता बल्लभशरण जू महाराज के सानिध्य में विधिवत राम नाम संकीर्तन के साथ वेदिर मंत्रोचारण के बीच हवन,भंडारे का भी प्रसाद श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने ग्रहण किया। वहीं छोटा अखाडा में मानस पाठ का आयोजन कर विशाल भंडारें का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी तरह बड़े हुनमान जी मंदिर पुरानी बस्ती में पूजन अर्चन के साथ प्रसाद का वितरण किया गया। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर लाल कोठी में भी विधिवत पूजन अर्चन किया गया। संकट मोचन मंदिर में प्रधान पुजारी ओंकार प्रसाद शुक्ला के सानिध्य में रामनाम संकीर्तन व रामायण पाठ के पश्चात सरबत का प्रसाद वितरण किया गया। वहीं हनुमान मंदिर हनुमत कुंज भदनपुर पहाड़ में भी विधि विधान के साथ पूजन अर्चन करने के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं हनुमान मंदिर सराय में पंडित हेतराम तिवारी के द्वारा विधिवत हनुमान जी चोला चढ़ाकर रामायण पाठ के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। वैसे तो मां की नगरी में हनुमान की गूज ने भक्तों का मन ही मोह लिया। स्वामी नीलकण्ठ आश्रम ओइला के पूज्य संत बम महादेव दास के सानिध्य में हनुमान जी का विधिविधान के साथ मंत्रोचारण के पश्चात धूमधाम से जयंती मनाई गई व प्रसाद का वितरण भी किया गया। राम मंदिर पोड़ी धाम में भी भक्तों का मेला लगा रहा कारण की पूर्णिमा होने के चलते भक्तों का अपार जन समूह सदैव रहा है वहां के पीठाधीश्वर सूरज महाराज के द्वारा हनुमान जी का पाठ के पश्चात हवन व प्रसाद का वितरण किया गया। वैसे तो नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में विराजे सभी हनुमान मंदिरों में कुछ न कुछ जयंती का आयोजन बड़ें ही हर्षोल्लास के साथ जन्मोत्सव अंजली के लाल हनुमान का पर्व मनाया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित 24 घंटे कार्यरत एमसीएमसी प्रकोष्ठ, सी-विजिल,डीसीसी और शिकायत शाखा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सी-विजिल,डीसीसी,शिकायत शाखा में प्राप्त प्रकरणों और उनके निराकरण के संबंध में जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने एमसीएमसी और मीडिया प्रकोष्ठ के निरीक्षण के दौरान प्रमाणन,प्रिंट और मीडिया में अभ्यर्थियों के खर्च का संधारण एवं संदिग्ध पेड न्यूज के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बाद में मतदान सामग्री प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर सातों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रवार,मतदान दलों को दी जाने वाली प्रपत्र और सामग्री के थैले तैयार करने के कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर ने आवश्यक प्रपत्रों के अलावा थैले में रखकर मतदान दलों को दी जाने वाली एक-एक सामग्री का समक्ष में चेक लिस्ट के अनुसार मिलान किया। नोडल अधिकारी मतदान सामग्री प्रकोष्ठ डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी ने बताया कि विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा पीठासीन अधिकारी और मतदान दलों को दी जाने वाली निर्धारित सामग्री मतदान केंद्रवार थैलों में लगाई जा रही है। जिनमें फार्मों का सेट,लीपैड के प्रपत्र,लिफाफों के तीन सेट,अपरिनियत लिफाफे का चौथा पैकेट,पांचवा पैकेट,अन्य सामग्री रखने का छठवां पैकेट लिफाफा,वोटिंग कंपार्टमेंट,मतदाता पर्ची,26 प्रकार की लेखन एवं सहायक सामग्री,कपड़े की थैली और पीतल की सील के साथ तीन प्रकार की रबर सील भी दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में द्वितीय तल स्थित शासकीय कार्यालयों एवं बरामदों में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होने कलेक्ट्रेट के द्वितीय तल पर स्थित कार्यालयों और निर्वाचन के कार्यरत प्रकोष्ठों में पेयजल की सुचारु उपलब्धता और साफ-सफाई उचित रुप से करने के निर्देश भी दिये।

## अब तक की गई 3 करोड़ 98 लाख रुपये से अधिक की कार्यवाही

### एन्फोर्समेंट एजेंसीज द्वारा की गई नगद राशि, अवैध शराब,मादक पदार्थ,कीमती धातु की जब्ती

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 16 मार्च से 8 अप्रैल तक सतना और मैहर जिले में स्थापित चेक पोस्ट और पुलिस की रेगुलर कार्यवाही में 3 करोड़ 98 लाख रुपये से अधिक की कार्यवाही की गई है। एन्फोर्समेंट एजेंसियों की कार्यवाही में 64 लाख 59 हजार रुपये की कैश जब्ती,51 लाख 46 हजार रुपये मूल्य की 27 हजार 562 लीटर मदिरा,16 लाख रुपये से अधिक कीमत का 348 किलोग्राम मादक पदार्थ, 20 लाख 83 हजार रुपये मूल्य की 26 किलोग्राम कीमती धातु एवं बिना बिलिंग की खाद्य सामग्री एवं रेगुलर कार्यवाही में 2 करोड़ 61 लाख 77 हजार रुपये से अधिक के सामान की जब्ती की गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के लिए एन्फोर्समेंट एजेंसियों के द्वारा चेक पोस्ट पर अवैध सामग्री,मदिरा,बहुमूल्य धातुओं,अवैध धनराशि एवं अन्य संदिग्ध वस्तुओं के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएसटी,एसएसटी और वीएसटी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी लगातार वाहनों का निरीक्षण कर रहे हैं। समस्त एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा कार्यवाही की डेली रिपोर्ट व्यय लेखा प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराई जा रही है।

## सतना लोकसभा क्षेत्र के लगभग 2 लाख मतदाताओं ने एक समय में ली मतदान करने की शपथ

### स्वीप में नवाचार के तहत सभी 1950 मतदान केन्द्रों में हुए आयोजन



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में स्वीप गतिविधियों के तहत नित नए नवाचार किये जा रहे हैं। लोक सभा निर्वाचन 2024 में सतना लोकसभा के होने जा रहे 26 अप्रैल को मतदान के लिए सोमवार 22 अप्रैल को स्वीप नवाचार के तहत सतना और मैहर जिले के सभी 1950 मतदान केन्द्रों में एक साथ प्रातः 9 बजे मतदाता शपथ के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर कम से कम 100 मतदाताओं को इकत्र कर शपथ दिलाने का टारगेट तय किया और प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए जिला स्तर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर मैदानी क्षेत्र के अधिकारियों को इस कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया। नोडल अधिकारियों ने बीएलओ और विलेज लेवल अवारनेस ग्रुप के सहयोग से मतदाताओं को आधिकाधिक संख्या में उपस्थित कराकर मतदाता की शपथ ग्रहण कराई। मैहर और सतना जिले के सभी 1950 मतदान केंद्रों में लगभग 2 लाख मतदाताओं ने एक दिन और एक ही समय में मतदाता की शपथ ली।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा इस कार्यक्रम में अपने मतदान केंद्र (शासकीय हाई स्कूल सिविल लाइन) में शामिल हुए और मतदाता की शपथ दिलाई। इसी प्रकार मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर (जेल रोड) में उपस्थित होकर मतदाताओं की शपथ दिलाई। अनुविभाग स्तर पर एसडीएम,जनपद स्तर पर सीईओ,नगरीय निकाय स्तर पर सीएमओ के नेतृत्व में संबंधित क्षेत्र के मतदान केंद्रों में मतदाता शपथ के कार्यक्रम हुये। शपथ के माध्यम से सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया।



### यह ली गई शपथ

सतना लोकसभा क्षेत्र निर्वाचन के सभी 1950 मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने शपथ ली कि हम,भारत के नागरिक,लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए,निर्भीक होकर,धर्म,वर्ग,जाति,समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## खबर संक्षेप

### उत्पीड़ित व्यक्तियों को राहत राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 एवं संशोधित नियम 2014 व अनुसूचित जाति-जनजाति नियम एक अगस्त 2016 के प्रावधान अनुसार उत्पीड़ति व्यक्तियों को राहत राशि स्वीकृत की है। जिला स्तरीय राहत समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के 16 उत्पीड़तिों को योजना के तहत 14 लाख 50 हजार रूपए एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 6 उत्पीड़तिों को 2 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी समस्त मदिरा दुकानें

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुरेश कुमार ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले में निर्वाचन क्षेत्र की समस्त मदिरा दुकानें मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रखने संबंधी आदेश जारी किया है। लोक प्रतिनिधित्य अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) में विहित प्रावधान अनुसार जिला दण्डाधिकारी द्वारा शुष्क दिवस घोषित कर 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक जिले की सभी मदिरा व भांग दुकानों और बार लायसेंस को बंद रखने का आदेश जारी किया है। इस दौरान मदिरा का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना दिवस 4 जून को भी संपूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

### लीनेस क्लब ने मनाया पृथ्वी दिवस



**पन्ना।** लीनेस क्लब पन्ना लगातार 6 वर्षों से नगर में समाज कल्याण का कार्य करते आ रहा है, समाज के लिए कल्याण कार्य करते हुए लीनेस क्लब पन्ना द्वारा पृथ्वी दिवस (मंतजी कंल) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रॉयल किड्स स्कूल के बच्चों के बीच किया गया जिसमें अर्थ डे से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई एवं बच्चों को अपने पृथ्वी को सुरक्षित रखने हेतु क्या क्या कार्य करना चाहिए इसके बारे में बताया गया एवं उन्हें पुरस्कृत भी किया गया जिसमें पहला स्थान कक्षा एक की आस्था, दूसरा स्थान कक्षा पाँच की पुष्पा सेन एवं तीसरा स्थान कक्षा आठ की सुभांगी ने प्राप्त किया, साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।इस दौरान क्लब की अध्यक्ष शिखा पांडेय, सचिव शालिनी जायसवाल, कोषाध्यक्ष शशि त्रिपाठी ,चेयरपर्सन निधि पटेरिया ,राखी पाटकर ,साधना पाटकर, अंजली सिंह, सुनीता गुप्ता,माला जैन व अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव



**पन्ना।** शहर के सिंचाई कॉलोनी स्थित मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंजनी पुत्र पवनसुत भगवान श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया प्रातः भगवान की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान के साथ की गई। शाम 5 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें शहर की पुरानी राधा रानी रामायण मंडली की महिला सदस्यों व स्थानीय श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा सुंदरकांड पाठ का सामूहिक वाचन किया गया। तत्पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। उल्लेखनीय की हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में धार्मिक आयोजन किया जाता है जिसको आकर्षक रंग बिरंगी लाइटों से साज सज्जा की जाती है और भगवान को पोशाक, फूल मालाओं से सजाया जाता है। सिंचाई कॉलोनी स्थित मंदिर में महाशिवरात्रि, हनुमान जन्मोत्सव आदि विभिन्न त्योहारों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई

# 2 की मौत, 1 की हालत गंभीर

जिले के पवई थाना अंतर्गत ग्राम सिमरी मोड़ के पास मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने की वजह से मोटर साइकिल चला रहे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। एवं मोटर साइकिल में सवार 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



पन्ना।

जहां इलाज इलाज के दौरान दूसरे युवक की भी मौत हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल 2024 की रात ग्राम लुधिनी निवासी 2 युवक ग्राम रेहुंटा विवाहिक कार्यक्रम में आये हुए थे। और रात में रेहुंटा निवासी एक और युवक को साथ लेकर कहीं जा रहे थे तभी सिमरी मोड़ में मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिससे बाइक चालक रितेश बाल्मीकि की मोके पर ही मौत हो गई। एवं अन्नू बाल्मीकि, नीतेश बाल्मीकि निवासी लुधिनी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पवई अस्पताल के डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत कटनी जिला अस्पताल रेफेर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान एक और युवक की मौत हो गई है। फिलहाल एक मृतक का पवई में और दूसरे का कटनी में पीएम करवा कर मृतकों के शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिए गए हैं।



## हनुमान जन्मोत्सव पर सिद्ध स्थल हनुमान भाटे में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**31000 कन्याओं को कन्या भोज पश्चात किए गए वस्त्र दान**

**पवई।** हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी को लेकर संपूर्ण बुंदेलखंड में प्रसिद्ध पन्ना जिले के सिद्ध स्थल हनुमान भाटे में हनुमान जन्मोत्सव पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, मंगलवार की सुबह 4 बजे से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ है जो देर रात तक जारी रहेगा साथ ही परिसर में कन्या भोज विशाल भंडारे सहित धार्मिक अनुष्ठान जारी है, कन्या भोज पश्चात 31000 कन्याओं को वस्त्र दान किया जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हनुमान भाटे धाम मे चंदेल कालीन पाषाण आदमकद अदुतीय प्रतिमा के रूप में स्वयं श्री हरि नरसिंह भगवान, महाकाल भगवान और सिद्ध स्वरूप श्री हनुमान जी महाराज अति भव्य निर्जन स्थान पर विराजमान है इस हनुमान पहाड़ी में ग्यारह सौ सीढ़ी चढ़कर भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं, ऐसी मान्यता है कि इस स्थल में भक्तों के पहुंचकर दर्शन करने से उनकी सभी मनोकामना पुर्ण होती हैं व विघ्न बाधाये दूर होती है।



## हमारे करोड़ों पुण्य के बाद ही हमें भागवत कथा सुनने का मौका मिलता है-पंडित रामदुलारे पाठक

**श्रीमद्भागवत कथा का प्रथम दिवस**

अमानगंज

नगर के वार्ड क्रमांक एक पतारा मोहल्ला निवासी प्रतिष्ठित शिक्षक पंडित श्री लखन लाल तिवारी एवं भाजपा नेता मनीष तिवारी परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का पुण्य कार्य कराया जा रहा है, जहां नगर से क्षेत्र सहित दूर-दूर से श्रोता गण श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने आ रहे हैं। भागवत कथा के प्रथम दिवस की शुरुआत भागवत आरती दीप प्रचलन कर विश्व शांति के लिए प्रार्थना की कथा की शुरुआत कथावाचक पंडित श्री रामदुलारे पाठक ने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर श्री राम वंदना श्री राधे जय राधे मधुराम मधुराम के साथ भागवत के प्रथम श्लोक के उच्चारण के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ की इसके बाद महाराज जी ने बताया कि इस लोक में मानव जीवन प्राप्त करने के बाद श्रीमद् भागवत कथा श्रवण बाद दुर्लभ है। क्योंकि हमारे करोड़ करोड़ पुण्य के बाद ही हमें भागवत कथा सुनने का मौका मिलता है। उन्होंने प्रथम दिवस की कथा में श्री नारद जी की कथा का व्याख्यानकिया उन्होंने बताया कि नारद जी जैसा भक्ति निस्वार्थ भक्ति की गंगा बहाने वाले दुर्लभ है, उन्होंने बताया कि पृथ्वी लोक में नारद जी ने देखा कि मानव मानव को नहीं पहचान रहा कलयुग में धर्म कर्म विलुप्त होता जा रहा नारद जी की विशेषताओं का वर्णन किया बता दें कि यह कथा 22 तारीख से लेकर 30 तारीख तक चलेगी।

## जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अधिकारी क्या नगर के विकास में जनता को बतायेंगे वास्तविकता के हालात

**नगर के विकास में पहले स्मार्ट सिटी अब किलकिला फीडर को लेकर उठ रहे सवाल क्या होगा पर्दाफाश**

पन्ना।

निश्चितौर पर विपक्ष खत्म जैसे हालात अब जनता की बारी। स्वयं नगर की जनता अगर नहीं जागी तो नगर के विकास में रैकेट की तरह लोग अंजाम देकर विकास के नाम पर खुद का विकास करने से नहीं चूक रहे। भावी भविष्य विकास के नाम पर खिलवाड़ कब तक नगर की जनता करेगी बर्दास्त। क्या जन प्रतिनिधियों व जिम्मेदारों से मांगेगी जवाब। ताकि हो पर्दाफास पारदर्शिता आये सामने किलकिला फीडर कैनाल निर्माण को लेकर क्या है स्टीमेंट क्या जनता को बताया जायेगा।

जिले में विकास के नाम पर अब तो हालात खुद के विकास में निर्माण ऐजेन्सियों के तय हो रहे है। यह दास्ता स्मार्ट सिटी के नाम पर जिस तरह से नगर में विकास का पैमाना तय हुआ है वह किसी से छिपा नहीं। एक तरफ मंत्री जी बस स्टैण्ड में उद्घाटन कर रहे थे तो दूसरी तरह सड़क के गढ्ढे मीडिया ने उजागर किये थे जांच समिति बनी नतीजा क्या आया कुछ कह पाना कठिन। उसी पर पुनः डामर जरूर कर दिया गया था पर जिम्मेदारों के ऊपर मेहरबान रहा प्रशासन। अब हालात किलकिला फीडर को लेकर कैनाल निर्माण की बात करें तो एक तरफ इस कैनाल के निर्माण से जल ही जीवन को लेकर व्यवस्था के सपने सजोये गये है। क्योंकि पन्ना नगर आज भी वर्षा रूपी जल से प्यास बुझाने के लिए यहां के स्टेट समय के बने तालाबों पर निर्भर है। नगर की जनता उसी जनता की व्यास को लेकर पानी अब कम पड़ने लगा। क्योंकि आवादी नगर की सतत बढ़ती जा रही है। वहीं वर्षा रूपी जल की बात करें तो पहले की तुलना में बारिश कम होती जा रही है। नतीजा तालाबों में पानी कम होना सामने आता है जिसके चलते पन्ना नगर की जनता को एक दिन छोडकर दूसरे दिन तालाब के पानी की सप्लाई होती है पीने के लिए फिर क्या था पुरानी कैनाल जो कभी धरमसागर तालाब को भरती थी वह किलकिला फीडर के नाम से जानी जाती थी। उस कैनाल के निर्माण को लेकर दिशा तय हुई उससे भावी समय तक पन्ना नगर की पेयजल व्यवस्था को सुधार की दिशा के प्रयास को लेकर यह कार्य आरंभ किया गया। पर सवाल यह उठता है कि किलकिला फीडर कैनाल का जिस तरह से निर्माण कार्य हो रहा है मीडिया ने इसको सुर्खियां प्रदान की सोशल मीडिया में तो नगर के पहाड़ीखेरा मार्ग में बनने वाली सड़क किनारे नाली के निर्माण से तुलना कर डाली यहां सड़क किनारे की नाली कैनाल से ज्यादा चौड़ी। छाया चित्रों में नजर आ रही है वहीं किलकिला फीडर की बात करें तो इसके निर्माण को लेकर स्टीमेंट व तकनीकि स्वीकृति जो प्रदान की गई उसमें कैनाल का स्वरूप कितना बनाया गया। क्या जिम्मेदार अधिकारी आम जनता को बताने के लिए उचित मानेगी। क्योंकि नगर की जनता के लिए यह कार्य कराया जा रहा है। आम जनता से सरोकार है आखिर जनता जानना चाहती है कि इस कैनाल के निर्माण का स्वरूप क्या है। जिस तरह से सवाल उठ रहे है वहीं जल संसाधन विभाग क्या इस कैनाल के निर्माण को लेकर जो प्लान बनाया गया जिसमें स्टीमेंट नक्सा तो होता ही है कितनी लागत से नगर की जनता के लिए इस कैनाल का निर्माण किया जा रहा है। क्या जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अधिकारी आम जनता को पारदर्शिता के तहत इसका पर्दाफास करेगें ताकि यह साबित हो सके सबका साथ सबका विकास आखिर इस कैनाल के निर्माण में कार्य एजेन्सी व विभाग के द्वारा जिस तरह से निर्माण किया जा रहा है वह नाली से छोटी कैनाल जो बन रही है इसको लेकर उठने लगे सवाल। क्या जनता के लिए विभाग देगा जवाब। आखिर या फिर स्मार्ट सिटी की तरह कैनाल भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जायेगी। अब यहां सवाल यह उठता है कि नगर की जनता जागेगी। ताकि जिम्मेदारों की नींद खुले आखिर कार्य एजेन्सी का विकास जरूर माना जार हा है नगर के विकास की बात करें तो इसके नाम पर कब तक पन्ना नगर के साथ इस तरह के विकास से खिलवाड़ होता रहेगा। यह तो जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अधिकारी जनता के लिए क्या दिखा रहे सपना और क्या हो रहा है सामने। यह बताना क्या उचित समझेंगें।




## भाजपा में संगम की तरह सपा व कांग्रेस के नेता हो रहे शामिल

**अब भाजपा में कांग्रेस व सपा के लोगों की संख्या अपना बाजूद किस तरह से महसूस करेंगे या फिर अपने कारोबार को चलाने के लिए भाजपा का पट्टा जरूरी**

पन्ना।



दलों से कोई परहेज नहीं यहां तो राजनीति अब व्यवसाय की ओर जो दिशा दे रही है उसको लेकर अपने व्यवसाय को बचाये रखने या विकास करने के लिए सत्तारूढ़ दल के साथ चलना जरूरी माना जा रहा है। तभी तो पन्ना जिले में हालात कांग्रेस व सपा के नेता भाजपा में शामिल होकर किसी तरह अपना वाजूद स्वयं का व अपने व्यवसाय व कारोबार का बनाये रखने के लिए भाजपा की तौलिया डालकर देश की विचाराधारा उदाहरण देकर जो कांग्रेस व सपा को छोड़कर स्वयं को अब भाजपा भाने लगी है वहीं भाजपा की बात करें तो अब कांग्रेसियों व समाजवादी पार्टी के नेताओं से कोई परहेज व गुरेज नहीं। जिनसे कभी चुनाव होता था आमने-सामने कांग्रेस व भाजपाई के लोग होते थे। आज सब भाजपा में शामिल है। अंततः जमीनी स्तर पर हालात क्याहोगें यह तो भाजपा ही जाने। भाजपा सरकार बचाने को लेकर पहले कांग्रेस के ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित दिग्गज नेता व उनके निष्ठावान नेताओं को शामिल करके सत्ता में भाजपा ने कब्जा किया अब कांग्रेस व सपा के लोग भाजपा की सत्ता धारी दल में अपना कब्जा बनाने के लिए प्रवेश लेने में जूटे। आये दिन खबर आती है कि कांग्रेस व भाजपा के इतना नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। यह हालात मध्यप्रदेश की राजनीति के चल पड़े हैं आखिर अपने आप को जो नेता सिद्धांत व विचारों को लेकर दलों से एक दूसरे के साथ मुकाबला करते थे अब एक साथ मुकाबला होगा पार्टी के अंदर ही कांग्रेस व सपा भापजा में अपना बाजूद कैसे बनाये गये या भाजपा इनसे कैसे बचेगी। अपने आप में ये सवाल भावी राजनीति भविष्य को लेकर क्या तय करेगी दिशा यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। फिलहाल तो सत्ताधारी दल के साथ नेताओं का शामिल होने की सिलसिला लगातार बटोर रहा सुर्खियां आगे क्या होगा यह तो भविष्य में भाजपा ही तय करेगी इनमें भविष्य को लेकर जो अपनी पार्टी के नहीं हुए वो क्या भाजपा को बचाये राखेगें या कि वक्त बदलते फिर सत्ता धारी दल की खोज करेगें।

## लोकसभा निर्वाचन को लेकर अमानगंज पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



अमानगंज।

आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन का मतदान होना है जिसमें अमानगंज थाना अंतर्गत भयमुक्त वातावरण का निर्माण करने के उद्देश्य से अमानगंज पुलिस थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा भारी पुलिस बल के साथ नगर अमानगंज में फ्लैग मार्च निकाला गया ताकि क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान कोई भी आसामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित करने का साहस न करें और मतदाता पूर्ण रूप से निर्भीक होकर घरों से निकलकर मतदान कर सके और थाना क्षेत्र में अमन चौन कायम रहे।

## राजा भईया निर्दलीय प्रत्याशी के चलते नहीं हो सका निर्विरोध लोकसभा का चुनाव संसदीय क्षेत्र खजुराहो में



पन्ना।

खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र का चुनाव इस तरह से पहली बार होने जा रहा है जो चर्चा में है। यहां सीट जिस तरह से प्रदेशाध्यक्ष भाजपा को लेकर निशाने पर थी उसी तरह से विपक्षी पार्टियों ने घेरने की जगह खात्में की ओर दिशा तय की। चुनाव सूरत की तर्ज पर पहले तो खजुराहो संसदीय क्षेत्र में तय होने जा रहा था पर राजाभईया निर्दलीय प्रत्याशी के चलते अंततः औपचारिकता का चुनाव।

लोकसभा चुनाव जो 8 विधानसभाओं को लेकर खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र जाना जाता है जो होने जा रहा है। इस सीट से प्रदेशाध्यक्ष भाजपा वी.डी. शर्मा मैदान में है जहां इंडिया गठबंधन ने इन्हें घेरने की तैयारी की थी नतीजा घेरते-घेरते कांग्रेस व सपा दोनों ही इस सीट से बाहर हो गई। हां अपना समर्थन निर्दलीय प्रत्याशी राजा भईया को देने की बात मजबूरी कहें या कि सोची समझी रणनीति कुछ कह पाना कठिन है। मामला चाहे जो हो पर भाजपा भी इस सीट में निर्विरोध तरीके से चुनाव की दिशा तय करना चाह रही थी। सोशल मीडिया में राजा भईया निर्दलीय प्रत्याशी ने स्वयं ही दबाव को लेकर अपनी बात कही थी। नतीजा जब राह तय नहीं हुई तो राजा भईया के कारण चुनाव होने की दिशा तय हो गई। वहीं गठबंधन के तहत अब कांग्रेस व सपा निर्दलीय प्रत्याशी राजा भईया को समर्थन देने की बात कह रही है। वहीं जमीन पर न तो कांग्रेस और न ही सपा दिखाई पड़ रही है क्या यह कोई टॉनिक है जो राजाभईया के भविष्य को बचाये रखने के लिए काम करेगी आम जनता को तो इन पार्टियों के चिन्ह मालूम थे अब क्या होगा पहली बार खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र में इस तरह का चुनाव जहां सत्ता रूढ़ दल भाजपा मध्यप्रदेश की सरकार में पन्ना जिले में से तो तीनों सीटे विधानसभा की जीती वहीं छतरपुर जिले की चंदला व राजनगर दोनों सीटों में भाजपा का ही कब्जा विधानसभा में। वहीं कटनी के विजराघवगढ़ में भी भाजपा बांकी की सीटों को लेकर जहां भाजपा या कांग्रेस क्या है कुछ कह पाना कठिन है पर चुनाव इस बार लोकसभा का औपचारिकता के साथ मजबूरी कहें जो सूरत की तर्ज पर नहीं हो सका पर होने जा रहा। मतदान हो गया जरूरी जो प्रशासन के द्वारा कराया जा रहा चुनाव पर जमीन पर एक दल भाजपा के बैनर झण्डे व कार्यकर्ता ही नजर आ रहे। कांग्रेस व सपा के नेता गायब है इन पार्टियों का भविष्य ही इस लोकसभा से समाप्ति की ओर पांच साल कहां क्या होगा यह तो ये दल ही जाने। वी.डी. शर्मा इस खजुराहो लोकसभा के साथ-साथ पूरे मध्यप्रदेश की 29 सीटों में जीत का दावा स्वयं कर रहे है। अब तो सत्ता पक्ष ही मध्यप्रदेश में बांकी विपक्ष कहां रहेगा खोजना होगा।

## खबर संक्षेप

### जिले ने प्रदेश स्तर पर कक्षा 5वीं में चौथा व 8वीं में पांचवां स्थान किया प्राप्त

**अनूपपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित कक्षा 5 वीं और 8 वीं के बोर्ड पैटर्न वार्षिक परीक्षा के नतीजे आज घोषित किए गए हैं। कक्षा 5 वीं में अनूपपुर जिले में 12 हजार 78 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 11 हजार 833 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिले का परीक्षा परिणाम 97.97 प्रतिशत रहा। कक्षा 5वीं में अनूपपुर जिले ने प्रदेष स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 8 वीं की परीक्षा में 11 हजार 248 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 10 हजार 793 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 95.95 रहा। कक्षा 8 वीं में प्रदेश स्तर पर अनूपपुर जिले ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की परीक्षा में जिले के सभी सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

### 29 अप्रैल सोमवार को 10 जोड़ों की शादी करवायेगा उर्स कमेटी

**अनूपपुर।** जैतपुर मे 2009 से 2023 तक कुल 158 जोड़ों की शादियां कराने के बाद इस साल 29 अप्रैल सोमवार को 10 जोड़ों की शरियतो सुन्नतो के मुताबिक बड़े धूमधाम से शादियां कराई जायेगी। हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा करामत शाह रहमतुल्लाह अलैह का 83वां सालाना उर्स मुबारक के मौके पर इज्तेमाई शादियों का इंतजाम किया गया है। हर जोड़ों को घरेलू जरूरत का सामान भी दिया जाता है और आने वाले मेहमानों के खाने का भी इंतजाम कमेटी के जानिब से किया गया है। लेहाजा बमदाद करामत युवा उर्स कमेटी जैतपुर के अध्यक्ष मोहम्मद रईस खान, कार्यवाहक अध्यक्ष सफीक कादरी, डॉ अनीश अहमद तथा सेक्रेटरी चांद खान नियाजी ने गुजारिश की है कि उर्स मुबारक के मौके में शरीक होकर फैजेयाब हो व दूल्हा-दुल्हनों को अपनी दुआओं से नवाजें। इस मौके पर शायरे इस्लाम हजरत शब्बीर बरकाती साहब किबला इन्टरनेशनल शायर नात खां 29 अप्रैल सोमवार को रात 9 बजे से प्रोग्राम करेंगे वही 30 अप्रैल को कव्वाली का शानदार मुकाबला हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल अनीस नवाब अहमदाबाद गुजरात व हिन्दुस्तान की मशहूर कव्वाला गीता चिश्ती कब्बाला गया बिहार के मध्य होगा। इज्तेमाई शादियां 29 अप्रैल सोमवार बाद नमाज मगरिब होगा।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएसटी टीम का किया गठन

**अनूपपुर।** संसदीय क्षेत्र शहडोल 12 (अ.ज.जा.) के लोकसभा सामान-?य निर्वाचन के तहत मतदान 19 अप्रैल को सम्पन्न हुआ है। पडोसी राज्य में मतदान होना है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अनूपपुर जिले सभी विधानसभा से लगी से पड़ोसी राज्य से लगी सीमा क्षेत्र अंतर्गत एसएसटी टीम का गठन किया है। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 86 कोतमा के अंतर्गत रामनगर डोला में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख अनूपपुर सूरजभान टांडिया एवं वीडियोग्राफर राकेश यादव, दोपहर 2 से रात 10 बजे तक टीम 2 उप यंत्री नगर परिषद डोला मानशाह कुंजाम एवं वीडियोग्राफर मुकेश यादव तथा रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक टीम-3 उपयंत्री नगर परिषद डूमरकछार शिवराम एवं वीडियोग्राफर नरेंद्र यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार बगडुमरा नाका में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 तक टीम-1 राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख अनूपपुर मेघनंद सिंह कंवर एवं वीडियोग्राफर अंबिका प्रसाद यादव, दोपहर 2 से रात 10 तक टीम-2 समग्र विस्तार अधिकारी सामाजिक न्याय एवं निःशक्त कल्याण विभाग अनूपपुर ईश्वर चंद्र शर्मा एवं वीडियोग्राफर ओम प्रकाश यादव इसी प्रकार रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक टीम-3 उपयंत्री अविनाश मरकाम एवं वीडियोग्राफर नरेंद्र यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार मझौली छतई, पुष्पराजगढ़ के धरमपानी में भी ड्यूटी लगाई गई है।

## कोठी चौराहा से रेडक्रॉस मार्केट तक 13 ब्लैक स्पॉट

# 6 महीने पहले सफाई के लिए तोड़ी नाले की सीसी को नपा ने खुला छोड़ा

**नौगांव।** शहर को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की होती है, लेकिन नपा के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी ही शहर को अव्यवस्थित करने में लगे हुए हैं। सिविल अस्पताल परिसर के बाहर बने रेडक्रॉस मार्केट से कोठी चौराहा तक जाने वाले नाले की नपा ने सफाई तो करा दी, लेकिन सफाई के लिए तोड़ी सीसी पिछले 6 महीने से अधिक समय से ऐसे ही 13 स्थानों पर सीसी क्षतिग्रस्त पड़ी है। नपा की लापरवाही से अस्पताल आने जाने वाले सहित अन्य लोग भी इन क्षतिग्रस्त 13 ब्लैक स्पॉट बन चुके नाले के गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं तो वहीं इन स्थानों में मवेशी भी गिरने की खबर सामने आती रहती है, इसके बावजूद नपा इस ओर ध्यान नहीं दे पा रही है। सिविल अस्पताल परिसर के बाहर स्थित रेडक्रॉस मार्केट से लेकर कोठी चौराहा के पास तक बने नाले की सफाई के लिए बीते कुछ महीनों पहले नगर पालिका ने नाले की सीसी स्लैब तोड़कर सफाई कराई थी, नाले की सफाई के बाद नगर पालिका ने इन स्थानों को ऐसा ही खुला छोड़ दिया। सफाई को 6 महीने से अधिक का समय गुजर जाने के बाद खुले पड़े नाले के स्थानों को बंद कराना तो दूर नगर पालिका ने इनकी सुध तक नहीं ली।



जिसके चलते सोमवार की दोपहर के समय एक बाइक सवार इस खुले पड़े गड्ढे में गिर गया। स्थानीय दुकानदारों की मदद से नाली से निकाला गया। हालांकि नाले की सफाई के बाद कुछ दिनों तक नगर पालिका ने इन गड्ढों के ऊपर बेरीकेट आदि रखवा कर इनका सुधार कराना भूल गई। सिविल अस्पताल से स्कूल तिराहा एवं कोठी चौराहे तक नाले में ऐसे 13 प्वाइंट है जो ऐसे ही खुले पड़े हैं, जो अब ब्लैक स्पॉट का रूप ले चुके हैं। नाले की क्षतिग्रस्त स्लैब को नगर पालिका द्वारा दुरुस्त न कराने के चलते इन गड्ढों में कई वाहन सवार गिर कर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, तो कई वृद्ध खुले नाले में गिरकर घायल हो रहे हैं, सबसे ज्यादा इमरजेंसी एवं रात के समय अस्पताल आने वाले वाले मरीजों एवं उनके साथ आने परिजनों के गिरने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों में से किसी ने भी इन्हें दुरुस्त कराने की जहमत नहीं उठाई। जिसके चलते नाले पर बने यह 13 स्थान आम लोगों के लिए ब्लैक स्पॉट साबित हो रहे हैं।

**इनका कहना है -**

नाले की सफाई के लिए तोड़ी गई सीसी से बने गड्ढों को जल्द ही दुरुस्त कराएंगे।

**आलोक जायसवाल**
**उपयंत्री, नगर पालिका परिषद नौगांव**

# धूमधाम से मनाया जा रहा हनुमान जन्मोत्सव

### मंदिरों में आयोजित किए गए धार्मिक आयोजन



**छतरपुर। मंगलवार** को भगवान हनुमान के जन्मोत्सव वा लेकर शहर के तमाम मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए, जिनमें शामिल होने के लिए मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। मोटे के महावीर मंदिर में भी हर वर्ष की भांति हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर महाआरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया। मोटे के महावीर मंदिर समिति की ओर से बताया गया कि हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ भक्तों के द्वारा किया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाकर बल, बुद्धि में वृद्धि की कामना की। हवन-पूजन और अभिषेक का कार्यक्रम सुबह से प्रारंभ हो गया था, जिसमें हजारों भक्तों ने शामिल होकन पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर पहुंचे भक्त सुरेन्द्र कुमार पाठक, शिवम त्रिपाठी आदि ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार हनुमान जी सबसे शक्तिशाली देवता हैं और मोटे के महावीर मंदिर में विराजमान पश्चिममुखी हनुमान जी से जो भी कामना की जाती है, वह पूर्ण होती है। मोटे के महावीर मंदिर के अलावा शहर के हनुमान टौरिया, जानराय टौरिया, संकट मोचन मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा।

## प्रभारी समिति प्रबंधक रामचरण पटेल निलंबित

### प्रशासक ने मनकरी सोसायटी का जे.पी. मिश्रा को सौंपा अतिरिक्त समिति प्रबंधक का प्रभार

**छतरपुर।** जिले की सेवा सहकारी समिति मनकारी के प्रशासक श्याम क्षत्रिय ने प्रभारी समिति प्रबंधक रामचरन पटेल को 22 अप्रैल को निलंबित कर जय प्रकाश मिश्रा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जो वर्तमान में सेवा सहकारी समिति गढ़ीमलहरा में पदस्थ हैं। गढ़ीमलहरा के साथ-साथ मनकारी समिति के प्रबंधक का भी कामकाज संभालेंगे।ज्ञात हो कि एक जमीन घोटाले में चार सौ बीस के आरोपी बनाये गये रामचरन पटेल की मुश्किले घटने की बजाय बढ़ती ही गई। वे इस मामले में फरार चल ही रहे थे कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के भी मामले खुलने लगे। इनके गंभीर कारनामों की शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों से भी की गयी थी। शिकायतों की सत्यता को देखते हुये प्रशासक क्षत्रिय द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई है।मनकारी सोसायटी का दुर्भाग्य यह है कि इस सोसायटी में जब रामचरन पटेल आया तब से इसने अपने पूरे परिवार को सोसायटी में भर्ती के आरोप स्थानीय किसानों ने लगाए है। किसानों ने कहा कि मनकारी सोसायटी नाम के लिये किसानों की सोसायटी है, जबकि हकीकत में यह सोसायटी रामचरन पटेल के परिवार तक ही सीमित है। यहां चपरासी से लेकर सभी पदों में इसी परिवार के लोग बैठे हुये हैं।






## महंगे दाम पर बिक रही शराब विभाग की सहमति पर उठ रहे सवाल

**छतरपुर।** शराब पीने वालों के लिए आहत करने वाली खबर है। क्योंकि जो दाम सरकार द्वारा विभिन्न कंपनियों के निर्धारित किए गए हैं। दुकान संचालक उन कंपनियों के ब्राण्ड को महंगे दाम पर बेच रहे हैं। शराब दुकानों से महंगे दाम पर शराब बेचे जाने के पीछे विभागीय सहमति को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। वास्तविकता क्या है यह तो विभाग के लोग ही बता सकते हैं।सूत्रों का कहना है कि शराब दुकानों से विभिन्न ब्राण्डों को न्यूनतम खुदरा मूल्य से अधिक दाम में बेचा जा रहा है। बताया जाता है कि प्रत्येक ब्राण्ड को 20 से 40 रूपए अतिरिक्त मूल्य के साथ शराब विक्रेता बेचने में लगे हैं। शराब पीने वाले कैमरे में दुकानों की मनमानी बताना नहीं चाहते, लेकिन दबी जुबान से यह कह रहे हैं कि उनसे निर्धारित दाम से अधिक वसूले जा रहे हैं। चूंकि कैमरे पर आकर शराब पीने वाले सार्वजनिक होने से बचते है। मगर उनका कहना है कि प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। शराब का सेवन करने वालों का यह भी आरोप है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ही शराब विक्रेताओं की मनमानी चल रही है। दुकान के बाहर न तो किसी भी प्रकार की रेट सूची चस्पा की गई है और न ही अन्य किसी माध्यमों से अधिक दाम पर शराब बेचे जाने के कारणों का उल्लेख किया गया है।



## परिवार के साथ घर में घुसकर की मारपीट, पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कतरवारा में रहने वाले एक अहिरवार परिवार ने थाने आकर मारपीट की शिकायत की है लेकिन पुलिस ने परिवार की रिपोर्ट नहीं लिखी बल्कि दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। ग्राम कतरवारा के रहने वाले मनीष अहिरवार तनय कुरा अहिरवार ने बताया कि 6 माह पहले देवपुर की रहने वाली संगीता अहिरवार पिता उदेता अहिरवार ने मनीष अहिरवार के साथ भागकर शादी कर ली थी। इसके बाद दोनों परिवार शादी के लिए राजी हो गए थे लेकिन लड़की के भाई, चाचा, मामा, नाराज थे। मंगलवार को कतरवारा पहुंचे लगभग 15 लोगों ने घर में घुसकर परिवार की प्रेमबाई, नीरज, मनीष अहिरवार एवं उसकी पत्नि संगीता अहिरवार के साथ मारपीट कर दी और लड़की को जबरन ले जाने की कोशिश की तभी ग्रामीण वहां पहुंच गए। ग्रामीणों को देख आरोपियों ने भाग खड़े हुए लेकिन ग्रामीणों ने आरोपियों की दो बाईकें और एक गाड़ी में चाकू पकड़ी है। सिविल लाइन थाने में परिवार शिकायत करने पहुंचा लेकिन पुलिस ने पीड़ित परिवार की रिपोर्ट नहीं लिखी बल्कि दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# यूपी की राठ पुलिस ने भारी मात्रा में जब्त किए अवैध हथियार, एक अन्य आरोपी पकड़ा

### राठ के कचरा घर में अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहा था हरपालपुर क्षेत्र का अपराधी

**छतरपुर।** जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र में कई अपराधों में लिप्त एक अपराधी को उत्तरप्रदेश की राठ पुलिस ने भारी संख्या में अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आपराधिक इतिहास रखने वाला हरपालपुर क्षेत्र का आरोपी राठ थाना क्षेत्र के एक अन्य आरोपी के साथ कस्बा राठ क्षेत्र के एक खाली पड़े कचरा घर में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राठ थाना पुलिस को विगत 19 अप्रेल को सूचना प्राप्त हुई कि राठ थाना क्षेत्र के सेना रोड पर एक खाली पड़े सरकारी कचरा घर में कुछ लोग अवैध तरीके से असलहे बना रहे हैं। इस सूचना पर थाना राठ के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने अधीनस्थ पुलिस बल के साथ छापामार



कार्रवाई की तो अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रहे आरोपी भान सिंह पुत्र धरनीधर निवासी ग्राम लहदरा थाना हरपालपुर एवं राजू विश्वकर्मा पुत्र स्वामीदीन विश्वकर्मा निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ को भारी मात्रा में अवैध निर्मित व अद्र्धनिर्मित शस्त्र, कारतूस और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने वाले उपकरणों व एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी भान सिंह एवं राजू विश्वकर्मा स्थान बदल-बदल कर खेतों व निर्जन पड़े मकानों और स्थानों का चयन कर बंदूकें व तमंचे बनाकर मध्यप्रदेश और आसपास के जनपदों में ले जाकर अच्छे दामों में बेचा करते हैं। पुलिस ने कचरा घर से 23 अदद निर्मित तमंचा, 10 अदद अद्धनिर्मित तमंचा, नाल व कुल 33 अदद अद्र्धनिर्मित तमंचा बंदूक और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने वाले उपकरण जब्त किए गए हैं।

### हरपालपुर थाना एवं महोबकंठ थाना में दर्ज है आरोपी के अपराध -

राठ पुलिस के अनुसार अभियुक्त भान सिंह पुत्र धरनीधर निवासी ग्राम लहदरा थाना हरपालपुर के खिलाफ हरपालपुर में आबकारी अधिनियम, धारा 379, धारा 395, 397, आयुध अधिनियम, महोबकंठ थाने में धारा 307, 504, 506 सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध हैं। इसी तरह अभियुक्त राजू विश्वकर्मा के खिलाफ भी जनपद हमीरपुर के थाना मझगुंवा में तीन अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं। अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकडऩे में राठ थाने के प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह के अलावा उपनिरीक्षक झुल्लर पाल, विनेश गौतम, सुरेंद्र कुमार, आरक्षक मनीष पाल, विजय प्रताप यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कक्षा 5वीं का 81, 8वीं का रहा 77 फीसदी परीक्षा परिणाम



### पिछले साल से 10 फीसदी बेहतर रहा रिजल्ट

**छतरपुर।** मंगलवार को जिले को भी एक मंगलमय खबर मिली है। कक्षा 5वीं एवं 8वीं के घोषित परिणामों में जिले का परिणाम प्रदेश के परिणाम से मेल खा रहा है। गत वर्ष यह परिणाम काफी निराशाजनक थे लेकिन इस वर्ष परिणाम खुशियां लेकर आए हैं। गत वर्ष कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 69.30 प्रतिशत था तो वहीं कक्षा 8वीं का परिणाम 66.85 प्रतिशत रहा। जहां प्रदेश का कक्षा 5वीं का परिणाम लगभग 91 प्रतिशत है तो वहीं जिले का परिणाम 81 फीसदी है उधर कक्षा 8वीं का प्रदेश स्तर का परिणाम 87.71 है तो जिले का यह औसत 77 प्रतिशत है। कक्षा 5वीं में जिले के 38196 बच्चे शामिल हुए जिसमें से 30960 बच्चे सफल हुए। इसी तरह कक्षा 8वीं में 35031 शामिल हुए और 27075 उत्तीर्ण हुए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 10 फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है।डीपीसी अरूण शंकर पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षण कार्य को बेहतर करने का प्रयास किया गया और इन्हीं के फलस्वरूप जिले को बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष कक्षा 5वीं का 81 फीसदी और कक्षा 8वीं का 77 फीसदी परीक्षा परिणाम रहा। विकासखण्डवार जानकारी मिलने के मुताबिक बड़ामलहरा से कक्षा 5में 4750 में से 3573 उत्तीर्ण हुए। इसी तरह बारीगढ़ में 3625 मे से 3412, बिजावर में 3779 में से 3105, बक्स्वाहा में 1887 में से 1813, ईशानगर में 8072 में से 5977, लवकुशनगर में 4130 में से 3499, नौगांव में 5892 में से 4556, राजनगर में 6061 में से 5025 बच्चे सफल हुए हैं। इसी तरह कक्षा 8वीं में बड़ामलहरा से 4224 में से 3015 उत्तीर्ण हुए। इसी तरह बारीगढ़ में 3324 मे से 2735, बिजावर में 3435 में से 2805, बक्स्वाहा में 1767 में से 1562, ईशानगर में 7472 में से 5608, लवकुशनगर में 3707 में से 2839, नौगांव में 5609 में से 4020, राजनगर में 5493 में से 4491 बच्चे सफल हुए हैं।


## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों को कराया रोजगार मुहैया

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के ट्रेंनिंग प्लेसमेंट सेल द्वारा सिंकोनी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के लिए कंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया जिसमें एमबीए, बीबीए, बी.टेक और एम.टेक में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया। सिंकोनी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड से विद्यार्थियों को 5.0 से 9 लाख का पैकेज विद्यार्थियों को मिलेगा। साथ ही में विद्यार्थियों को दो माह की पेड इंटर्नशिप प्रोवाइड कराई जाएगी। सिंकोनी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड में विद्यार्थियों की चयन की प्रक्रिया कुछ इस प्रकार थी। 135 विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम ऑनलाइन एग्जाम दिया, जो विद्यार्थी ऑनलाइन एग्जाम में उत्तीर्ण हुए वह विद्यार्थी साक्षात्कार यानी कि इंटरव्यू के लिए आगे पहुंचे, साक्षात्कार के पश्चात 67 विद्यार्थियों का चयन कंपनी के द्वारा किया गया।चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं देते हुये विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अनिल कुमार धगट ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे विश्वविद्यालय में अध्ययन करते हुये विद्यार्थियों ने रोजगार प्राप्त किया। मैं प्लेसमेंट सेल से यही अपेक्षा करता हूं कि इस तरह के प्लेसमेंट भविष्य में होते रहें। जिससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध होता रहे। इसके लिए प्लेसमेंट की प्रभारी कु. प्रतीक्षा तिवारी साधुवाद की पात्र है निश्चित ही वह अपने कार्य का निर्वहन निष्ठापूर्वक कर रहीं हैं।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, चैयरमेन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव विजय सिंह ने इस कैंपस प्लेसमेंट के सफल आयोजन के लिए प्लेसमेंट सेल के समस्त सदस्यों को शुभकामनाऐं प्रेषित कीं।



## खबर संक्षेप

### देश को दूसरे विभाजन की ओर धकेल रहे है प्रधानमंत्रीः ए.आई.एफ.बी.



**रीवा ।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजस्थान के वांसवाड़ा एवं उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ के चुनावी रैली में जिस तरह से हिन्दू मुसलमान को लेकर बयान दिया वह देश के करोड़ो करोड़ हिन्दू मुसलमान के बीच खांई खोद रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए घातक है। कल्चुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री को एक दशक सरकार चलाने के बाद अपने कामों पर बोट मांगना चाहिए लेकिन प्रधानमंत्री हिन्दू मुसलमान पर बोट मांग रहे हैं यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री और इस देश की सरकार जो राष्ट्रवाद की बात करती थी वहीं अब देश के लोगों को अल्पसंख्यक और वहुसंख्यक में बांटकर देश का दूसरा विभाजन करने की तैयारी कर रही है। उन्होने आगे कहा कि सबका साथ, सबका विकाश और सबका विश्वास की बात करने वाले प्रधानमंत्री देश के बहुसंख्यक हिन्दुओं को मुसलमानों से डरा करके वोट की खेती करना चाह रहे हैं, आखिर पहले चरण के चुनाव में क्या हो गया कि प्रधानमंत्री सीधे चार सौ पार के नारे से उतरकर हिन्दू महिलाओं के मंगलसूत्र पर अपनी नजर गड़ा दी? कहीं ऐसा तो नहीं तीसरी वार सत्ता में आते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सीधे महिलाओ के मंगलसूत्र पर चोट मारे? कल्चुरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अभी तक राम और हनुमान पर बोट मांग रहे थे जमुला नहीं चला तो हिन्दू मुसलमान पर आकर बोट मांगने पर मजबूर हो गये, मंहगाई, बेरोजगार, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, मणिपुर में महिलाओ के साथ किये गये क्रूरतम व्यवहार, इलेक्ट्रोरल बाण्ड में किये गये घोटाले को देश के प्रधानमंत्री भूल गये लेकिन जनता नहीं भूली है जिसका खामियाजा देश के प्रधानमंत्री को तो भोगना ही पड़ेगा।

### मतदान से 48 घण्टे पहले बन्द होंगी मदिरा दुकानें

**मऊगंज।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के शांतिपूर्वक मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत मतदान से 48 घण्टे पूर्व जिले भर में सभी देशी तथा विदेशी शराब की मदिरा दुकानें बन्द कर दी जाएंगी। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 24 अप्रैल 2024 को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल 2024 को मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस 4 जून को पूरे दिन मऊगंज जिले में मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### पीले चावल देकर मतदान करने के लिए दिया जा रहा है आमंत्रण



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। स्वीप गतिविधि के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत झोरा, मनिकवार, बरा कोठार, प्रतापगंज, बरेती खुर्द, मिसिरगवां, त्योंथर, नईगढ़ी, सेनुआ, नौवस्ता, चाकघाट, गुढ़, रायपुर, सुरसा खुर्द, चंदई, सिरमौर, गंगेव, समान, रघुराजगढ़, ओढ़की खुर्द में पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है।

### लोगों से की मतदान की अपील

**रीवा ।** सिरमौर की चकदही निवासी आकांक्षा तिवारी एवं रीवा शहर के ढेकहा मोहल्ला की निवासी मीना कुशवाहा की शादी आगामी 26 अप्रैल को हो रही है। दिन लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान कराया जाएगा। आकांक्षा एवं मीना ने अपनी शादी में लोगों से आने से पहले मतदान अवश्य करने की अपील की है।

## बेखौफ बदमाशों ने बिजली विभाग के

# जूनियर इंजीनियर पर की फायरिंग, सीने में धंसी गोली

सोमवार की देर शाम विद्युत विभाग के एक जूनियर इंजीनियर पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी. घटना शहर के समान थाना क्षेत्र स्थित एक शॉपिंग मॉल के समाने की है. बदमाशों ने देर शाम तकरीबन 8 बजे जूनियर इंजीनियर पर पिस्टल से गोली दागी गोली जो सीधा उसके सीने में दाईं तरफ जा धसी.





**रीवा।** हमले की वारदात से सनसनी फैल गई. गोली चलने की आवाज सुनकर आस पास मौजूद लोग इधर से उधर भागने लगे स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया. हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें प्राइवेट अस्पताल मिनेरवा के लिए रेफर कर दिया ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इलाके में फ्लैग मार्च कर रही सीआरपीएफ के 50 जवान भी आ गए। मॉल को सील करने के बाद बदमाश की तलाश शुरू कर दी गई है। घायल जूनियर इंजीनियर दिनेश तिवारी बकछेरा के रहने वाले हैं और सिलपरा में पदस्थ हैं। फिलहाल, रीवा के नेहरू नगर में चंद्रा मंगल बारात घर के पास रह रहे हैं। घायल दिनेश तिवारी के भाई राकेश तिवारी ने बताया कि दिनेश ने गोली लगने की जानकारी अपनी बेटी शालिनी को दी, जो मुंबई में रहती है। शालिनी ने अपनी चचेरी बहन प्रतिभा तिवारी को फोन लगाया। जिसके बाद परिजन तुरंत मौके के लिए निकले। राकेश ने कहा, 'दिनेश का किसी के साथ कोई विवाद नहीं है। आरोपी किसी और को निशाना बनाने आया था लेकिन गोली दिनेश को लग गई। हालांकि घायल हालात सामान्य बताई जा रही है।

### इनका कहना है

मामले पर हर्ष दुबे नाम के युवक पर कुछ बदमाशों ने पिस्तौल से फायरिंग की थी। इसके बाद बंदूक से निकली हुई गोली मिस हुई और सीधा दिनेश तिवारी को जा लगी। वारदात में शामिल आरोपियों को सीसीटीवी कैमरे की मदद से चिन्हित कर लिया गया है। संदेहियों को हिरासत में लिया गया है जल्द आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

**हिंतेंद्र नाथ शर्मा**
**सामान थाना प्रभारी**



## मतदाताओं को उपहार दिए जाने की योजना

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 रीवा के मतदाताओं को बढ़-चढ़ कर मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर पालिक निगम रीवा एवं व्यापारी संघ के सहयोग से कई मतदाताओं को आर्कषक उपहार दिए जाने की योजना बनाई गई है। लोकसभा निर्वाचन हेतु रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इस दिन प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदान करने वाले 18वें नम्बर के मतदाता, 74 नम्बर के मतदाता, 230 नम्बर के मतदाता एवं 543 नम्बर के मतदाता को इनामी कूपन दिया जावेगा। इस इनामी लकी कूपन में सिनेमा टिकट, ईको पार्क रीवा में फ्री इन्ट्री पास, फ्री स्नैक्स कूपन, वाय वन गेट वन फ्री आफर आदि शामिल है। विशेष उपहार/कूपन देने वाले संस्थानों में प्रमुख रूप से ईको पार्क रीवा की तरफ से फ्री एन्ट्री पास, समदड़िया सिनेमा गोल्ड, समदड़िया सिनेमा न्यू बस स्टैण्ड एवं होटल विष्णु एम्पायर रीवा की तरफ से फ्री मूवी टिकट, बद्रिका इन, द अर्बन ग्रिल स्वयंबर, होटल स्टार, फ्लेवर रेस्ट्रोरेंट, होटल लैण्डमार्क, 56 भोग फैमिली रेस्ट्रोरेंट की तरफ से स्नैक्स कूपन, हरी बेकर्स की तरफ से बाय वन गेट वन केक का फ्री आफर एवं बंधन साड़ी, कानपुर बैग, पलक आप्टिकल्स, रियल टेस्ट फैमिली, जय भोले फर्नीचर, एबीसी सुपर मार्केट, बद्रिका मोटर्स, रीवा मॉ होण्डा, मृगनयनी म0प्र0 शासन, बृजवासी आभूषण, सुखदेव ज्वेलर्स, बहूरानी साड़ी शोरूम, प्राची वस्त्रलोक, गुलाब मेन्स वियर, श्याम साड़ी, निरंकारी लेडीज साड़ी, पंकज रेफ्रिजरेशन, परफेक्ट सेल्स, सास बहू शोरूम, करन गारमेन्ट्स, रामा फैशन की तरफ से स्पेशल डिस्काउण्ट कूपन 10 से 25 प्रतिशत तक आर्कषक आफर उपलब्ध है। विशेष उपहार/डिस्काउंट प्राप्त करने हेतु मतदान दिनांक 26.04.2024 के पश्चात उक्त प्रतिष्ठानों में अपने हाथ की उँगली में लगे अमिट स्याही के निशान को दिखाकर एक सप्ताह तक डिस्काउन्ट प्राप्त कर सकते है तथा लकी कूपन के तहत सिनेमा टिकट ईको पार्क में फ्री प्रवेश तथा फूड जोन में फ्री फूड प्राप्त किए जा सकते है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने रीवा के मतदाताओ से अपील की है कि 26 अप्रैल 2024 को अपने परिवार, ईष्ट मित्रों एवं आसपास के पडोसियों को प्रेरित करते हुये लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक मतदान कर अपनी जागरूकता का परियच दें।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एसएफ मैदान चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# सनातन विरोधियों को मजा चखाएंगे : जेपी नड्डा

### अपने आप को स्वच्छ छवि बताने वाले ने कभी थाने में फोटो खिंचवाया था कि मैं चोर हूं : जनार्दन मिश्रा




**रीवा ।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को रीवा पहुंचे । जहां उन्होंने रीवा लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया । इस मौके पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा व पहलाद पटेल भी मौजूद थे। गौरतलब है कि 26 अप्रेल को लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण है और बुधवार को यहां चुनाव प्रचार थम जाएगा। जनसभा में प्रथम वचन में पूर्व महापौर ममता गुप्ता त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी सेमारिया पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी पूर्व विधायक पुष्पराज सिंह ने संबोधित किया वही दोनों पूर्व विधायकों ने कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी को कालनेमि राक्षस की उपाधि से संबोधित किया । रीवा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा ने कहा कि रीवा में फर्राटेदार रोड बनी हुई है मार दे पैडल, छोड़ दें हैंडल जाय दें कक्का सायं सायं । 10 साल में कोई नहीं बोला कि संसद का मोटाई चढ़ी है उन्होंने कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपने आप को स्वच्छ छवि बताने वाले ने कभी थाने में फोटो खिंचवाया था कि मैं चोर हूं । कोरोना काल मे कांग्रेस के कोई पदाधिकारी सामने नहीं आया मैंने पूरे कोरोना काल में जनता की सेवा की है मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि सफेद शेरों की नगरी रीवा में नड्डाजी का स्वागत करता हूं। आप मध्यप्रदेश के दामाद भी हैं। दो रिश्ते हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही मध्यप्रदेश के दामाद भी हैं मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकार भी जो बनी वो नड्डाजी के कुशल नेतृत्व में बनी। जेपी नड्डा ने अपने भाषण की शुरुआत रानी तालाब मंदिर में विराजमान मां कालिका मां विंध्यवासिनी देवी को प्रणाम करके की। जेपी नड्डा ने कहा कि चुनाव की बेला में सभी लोग अपना मन बनाते हैं कि किसे वोट दें। लेकिन, मैंने यहां आकर लोगों में जो उत्साह देखा, उमंग देखा, वो मुझे आश्वस्त कर रही है, आपने जनार्दन मिश्रा को फिर से लोकसभा में भेजने का मन बना लिया। यह चुनाव मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का भी है और विकसित भारत बनाने का है। वही आगे जेपी नड्डा ने घोषणा की कि जब अगली सरकार मोदीजी की बनेगी तो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ घर बनाकर दिए जाएंगे। आज मोदीजी ने 11 करोड़ लोगों को हर घर नल हर घर जल से जोड़ा है। स्वच्छता अभियान की बात करते हुए नड्डा ने कहा कि महिलाएं दैनिक नित्यकर्म के लिए सूर्योदय के पहले या सूर्यास्त के बाद जाती थी। खुले में जाना पड़ता था। कैसा देश है जहां 12 करोड़ महिलाएं, बच्चे और परिवार खुले में शौच करने जाते थे। आज पीएम मोदीजी के नेतृत्व में महिलाओं को इज्जत से जीने का अधिकार दिया। किसानों के लिए किसी ने काम किया तो वो मोदीजी ने किया। किसान सम्मान निधी दी, साथ में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से भी दिया जाता है। 84 लाख किसान है मध्यप्रदेश में जिन्हें यह सुविधा मिल रही है।

### मोदीजी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, ये कहते हैं भ्रष्टाचार बचाओ

नड्डा ने इंडी एलाइंस पर हमला बोला। ये लोग सब परिवार में ही लगे हुए हैं। परिवार की ही पार्टियां हैं। लालू, राबड़ी, तेजस्वी, तेजप्रताप, मीसा, नई बहन भी आ गई हैं। ममता को भी बुआ को भी भतीजा पसंद आता है। चंद्रशेखर की पार्टी, वीआरएस, केसीआर, केटीआर, दामाद, भतीजा, सब परिवार की पार्टी है। उदयनिधी-करुणानिधी, शरद पवार, सुप्रिया सूले परिवार की पार्टी। कांग्रेस में भी सोनिया को राहुल और प्रियंका ही दिखाई देती हैं

## उपार्जित गेंहू का परिवहन व भण्डारण कराते हुए किसानों को भुगतान कराएं - कलेक्टर

# उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें - कलेक्टर



**रीवा**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना तथा सरसों उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए छाया, पानी की समुचित व्यवस्था रहे। सभी केन्द्रों का नियमित भ्रमण करें तथा उपार्जित गेंहू का उसी दिन परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं साथ ही उपार्जित गेंहू की राशि का संबंधित किसानों को भुगतान भी कराना सुनिश्चित करें। सभी सहकारी समितियों को उपार्जन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन समितियों द्वारा अधिक मात्रा में गेंहू का उपार्जन कर लिया गया है और व्यवस्थित भण्डारण नहीं हुआ है उनको नोटिस जारी करें। सभी उपार्जन केन्द्रों में उपार्जित गेंहू के परिवहन के लिए पर्याप्त मात्रा में ट्रकों की व्यवस्था कराएं। इन निर्देशों का पालन न करने तथा लापरवाही बरतने वाली समितियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें।

कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। खरीदी केन्द्रों एवं गोदामों की मैपिंग गूगल शीट में करके उसके माध्यम से निगरानी करें। उपार्जन से जुड़े अधिकारियों की प्रतिदिन गूगल मीट के माध्यम से बैठक लेकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उपार्जन केन्द्र में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण और समय पर किसान को भुगतान सुनिश्चित कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरोपियों को 10-10 वर्ष का कारावास, 1-1 लाख रुपए का अर्थदंड

**रीवा ।**



जिले के अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश ने अवैध रूप से नशीली कफ सिरप बेंचने वाले दो आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। प्रकरण में शासन की ओर पैरवी कर रही लोक अभियोजक श्रीमती शशि तिवारी ने बताया कि अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश विकम सिंह की अदालत ने नशीली कफ सिरप के दो आरोपी कपिल मुडहा पिता रमेश मुडहा, 23 वर्ष निवासी वार्ड 02 मऊगंज जिला मऊगंज और सोनू केवट पिता राजू केवट, 20 वर्ष निवासी वार्ड 02 मऊगंज जिला मऊगंज को दस-दस वर्ष की सजा सुनाई गई है। दिनांक 12/03/2022 को थाना मऊगंज जिला मऊगंज को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रमेश मुढहा उर्फ मझिल्ला मुडहा पिता मदन लाल मुडहा निवासी मऊगंज जिला मऊगंज के मोटर साइकिल कमांक MP 17 MV 5756 से कफ सिरप उत्तरप्रदेश के ड्रामलगंज से ला रहा है। मुखबिर से सूचना पाते ही थाना मजगंज की पुलिस दलबल के साथ रवाना हुई और घेराबंदी कर उत्तरप्रदेश की तरह से आ रही मोटर साइकिल कमांक एम.पी. 17 एम. वी. 5756 को मऊगंज गाडा नदी के पास पकड़ा। पकडे गये मोटर साइकिल में तीन व्यक्ति बैठे थे, लेकिन एक व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। मौके पर ही दो व्यक्ति पकडे गये, पकडे गये एक व्यक्ति के पास से झोले में 65 शीशी कफ सिरप अवैध रूप से पाई गई। प्रत्येक शीशी 100 एम.एल. की थीमौके पर ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध कर अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.एक्ट) में चलान पेश किया गया। जहां लोक अभियोजक श्रीमती शशि तिवारी ने न्यायालय में शासन की ओर से तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि आरोपीगण द्वारा कारित अपराध गंभीर प्रकृति का है। जिससे निश्चित रूप से समाज नशे का आदी हो रहा है। इसलिए आरोपियों को कड़ी से कड़ी तथा अधिकतम सजा दी जाय।अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) विकम सिंह ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद दोनों पकड़े गये आरोपियों एन.डी.पी. एस एक्ट की धारा 8 (सी) 21 (सी) के तहत दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास व एक-एक लाख रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया। जुर्माने की राशि अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। एक आरोपी रमेश उर्फ मझिल्ला केवट उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड 02 मऊगंज जिला मऊगंज (म०प्र०) अभी फरार है।

## चिरहुला मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ देर रात तक जारी रहा धार्मिक अनुष्ठान

**रीवा ।** जिले मे मंगलवार को चारों तरफ हनुमान जयंती की धूम रही। रीवा के प्रसिद्द चिरहुलानाथ हनुमान मंदिर के पट मंगलवार को भक्तों के दर्शन के लिए सुबह साढ़े तीन बजे ही खोल दिए गए। हजारों की संख्या में भक्त भगवान चिरहुलानाथ हनुमान के दर्शनों के लिए पहुंचे। मंदिर में मंगलवार सुबह से ही अनुष्ठानों का क्रम जारी रहा। चिरहुलानाथ हनुमान मंदिर को रंग-बिरंगे गुब्बारे और फूलों से सजाया गया है। वही मंदिर के मुख्य पुजारी गोकर्ण चार्य महाराज ने बताया कि आज चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि है। आज पूरे देश में हनुमान जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया जा रहा है। हनुमान जी कलयुग के देवता हैं और जल्द प्रसन्न होने वाले भगवान हैं। हनुमान जी को अष्ट सिद्धि और नौ निधि के दाता के रूप में जाना जाता है। ये चिरहुला मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है जो जिला कोर्ट के नाम से भी जाना जाता है। यही वजह है कि यहां 12 महीने विंध्य के कोने-कोने से आने वाले भक्तों



की भीड़ बनी रहती है।उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती का पर्व होने की वजय से पूरा दिन कई हजारों भक्त दर्शन किया दोपहर 12 बजे से भंडारे का क्रम शुरू हुआ है जो कि देर रात तक जारी रहा । सुबह, दोपहर में भगवान रामलला और चिरहुलानाथ हनुमान की विशेष आरती की गई है। शाम 8 बजे भी विशेष आरती की गई वहीं देर रात तक पूजा पाठ का क्रम और धार्मिक अनुष्ठान जारी रहा ।

## आशा कार्यकर्ता को अपहरण कर बीहर नदी में किया था बलात्कार, न्यायालय ने सुनाया आजीवन कारावास की सजा

**रीवा ।**

बलात्कार कर जान से मारने का प्रयास करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश पद्मा जाटव ने साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया। प्रकरण की पैरवी अपर लोक अभियोजक एडवोकेट विकास द्विवेदी ने की। घटना 18 अप्रैल 2021 को सामने आई थी । पीड़ित आशा कार्यकर्ता बिछिया अस्पताल अपने गांव से डिलीवरी का केस लेकर आई जहां डिलीवरी कार्य पूर्ण होने के बाद जब वह अस्पताल के सामने रोड पर ऑटो का इंतजार कर रही थी। कुछ देर तक ऑटो नहीं मिला तो वह अपनी बहन के साथ पैदल धोबिया टंकी तरफ जाने लगी। जैसे ही कुछ दूर पहुंची तो पीछे से एक मोटरसाइकिल से आरोपी व बाल अपचारी ने चाकू की नोक पर उसे अपनी बाइक में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी मोनू साकेत ने बीहर नदी के किनारे एक नाले के पास डरा धमकाकर दुष्कर्म किया साथ ही उसके सिर पर पत्थर से हमला किया। मरा हुआ समझकर आरोपी वहां से भाग आए थे। घटना के बाद डायल हंड्रेड पुलिस व आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल भिजवाया,



जिसके बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया था। न्यायालय ने हत्या के प्रयास सहित दुष्कर्म की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया गया जिसके बाद चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी मोनू साकेत निवासी ग्राम जेरुका थाना चोरहटा को धारा 376 एवं 307 के तहत आजीवन कारावास एवं 10000- 10000 के अर्थदंड से दंडित किया है।